पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी. – 9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेल- spazh-up@nic.in

पत्र संख्या- 291/2025

प्रेस-नोट, जनपद आजमगढ़

दिनांक- 15.08.2025

79वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ द्वारा ध्वजारोहण कर कर्तव्य व निष्ठा की शपथ दिलायी गयी; पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा सराहनीय कार्य के लिए जनपद के कुल 03 अधिकारी/कर्मचारी गण को पदक/सम्मान चिन्ह दिया गया तथा पीआरवी के कुल 10 अधिकारी/कर्मचारी गण को पुरस्कृत किय गया।

आज दिनांक 15.08.2025 को 79 वें स्वतन्त्रता दिवस के अवसर **पर** ***वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ हेमराज मीना*** द्वारा सर्वप्रथम कैम्प कार्यालय पर ध्वजारोहण कर उपस्थित अधिकारी/कर्मचारीगण को कर्तव्य व निष्ठा की शपथ दिलायी गयी तथा सभी को मिष्ठान वितरण किया गया।

तत्पश्चात पुलिस लाईन में क्वार्टर गार्द पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। उसके उपरान्त पुलिसकर्मियों को सम्बोधित करते हुए पूर्ण ईमानदारी व मेहनत से कर्तव्यों के निर्वहन हेतु प्रेरित किया गया तथा जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण की सराहना की गयी तथा ***पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा सराहनीय कार्य के लिए जनपद के कुल 03 अधिकारी/कर्मचारी गण को पदक/सम्मान चिन्ह दिया गया तथा पीआरवी(डायल-112) के कुल 10 अधिकारी/कर्मचारी गण को*** पुरस्कृत किया गया है।

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ महोदय द्वारा शौर्य के आधार पर ***अपर पुलिस अधीक्षक यातायात श्री विवेक त्रिपाठी को प्रशंसा चिन्ह 2. थानाध्यक्ष अहरौला अमित मिश्र व आरक्षी साइबर थाना एजाज अहमद को पुलिस महानिदेशक का प्रशंसा चिन्ह (Commendation Disc) सिल्वर से सम्मानित*** किया गया है।

स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर देशभक्ति की भावना जागृत करने की पहल की गई है।

उत्तर प्रदेश पुलिस